सांवरे दे दो दरस सांवरे

बड़े दिनों से श्याम हम मिल नहीं पाए हैं
देखे बिना तुमको नैना भर आये हैं
सांवरे दे दो दरस सांवरे
सांवरे दे दो दरस सांवरे

जबसे नहीं देखा ये मन घबराया है
तेरी हर यादों ने श्याम मेरे आंसू लाया है
रो रोकर अपना हाल तुमको सुनाये हैं
देखे बिना तुमको नैना भर आये हैं
सांवरे दे दो दरस सांवरे
सांवरे दे दो दरस सांवरे

माना की हमने तो गलती थोड़ी कर दी
पर तुमने तो बाबा बड़ी लम्बी सजा दे दी
गलती की माफ़ी दो ये अर्ज़ लगाए हैं
देखे बिना तुमको नैना भर आये हैं
सांवरे दे दो दरस सांवरे
सांवरे दे दो दरस सांवरे

तेरे दर्शन बिन पाए हम रह नहीं पाएंगे
दिल में है दर्द बड़े किसे जाके सुनाएंगे
रजत ने तुम्हे बाबा अपने हाल बताये हैं
देखे बिना तुमको नैना भर आये हैं
सांवरे दे दो दरस सांवरे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19063/title/sanware-de-do-darsh-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |